एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/asia-media-summit

चर्चा में क्यों?

मीडिया और प्रसारण उद्योग से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिये कंबोडिया के सिएम रीप प्रांत में 16 वें एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन 2019 (Asia Media Summit- AMS 2019) का आयोजन किया गया।

इस शिखर सम्मेलन की थीम **'मीडिया डिजिटलाइजेशन फोकसिंग ऑन डेवलपिंग मार्केट्स' (Media Digitalization Focusing on Developing Markets)** थी तथा इस शिखर सम्मेलन का आयोजन कंबोडिया के सूचना मंत्रालय द्वारा एशिया प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान (Asia-Pacific Institute for Broadcasting Development- AIBD) के साथ मिलकर किया किया था।

शिखर सम्मेलन के बारे में

- एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन, एशिया प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान (Asia-Pacific Institute for Broadcasting Development- AIBD) द्वारा अपने सहयोगियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से आयोजित होने वाला वार्षिक सम्मेलन है।
- सम्मेलन में एशिया, प्रशांत, अफ्रीका, यूरोप, मध्य पूर्व और उत्तरी अमेरिका से समाचार एवं प्रोग्रामिंग के निर्णय निर्माता, मीडिया पेशेवर, विद्वान तथा हितधारक भाग लेते हैं।
- एशिया मीडिया समिट ब्रॉडकास्टिंग और सूचना पर अपने विचारों को साझा करने हेतु इस क्षेत्र में प्रसारकों के लिये एक अनूठा अवसर प्रदान करता है, यह सभी क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रसारण यूनियनों तथा संघों द्वारा समर्थित है।

AIBD के बारे में

- एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (AIBD) की स्थापना वर्ष 1977 में यूनेस्को के तत्त्वावधान में की गई थी।
- AIBD एक अद्वितीय क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन है जो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विकास के क्षेत्र में UN-ESCAP (United Nations Economic and Social Commission for Asia and the Pacific) के देशों की सेवा उपलब्ध कराता है।
- इसका सचिवालय कुआलालंपुर (Kuala Lumpur) में स्थित है और मलेशिया सरकार द्वारा इसकी मेज़बानी की जाती है।

उद्देश्य:

नीति और संसाधन विकास के माध्यम से एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक जीवंत और सामंजस्यपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वातावरण प्राप्त करने के लिये AIBD का अनुपालन अनिवार्य है।

संस्थापक सदस्य:

- अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (International Telecommunication Union-ITU),
- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (United Nations Development Programme-UNDP)
- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक सांस्कृतिक संगठन (United Nations Educational, Scientific Cultural Organisation-UNESCO) और
- एशिया प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान/एशिया-पेसिफिक ब्रॉडकास्टिंग यूनियन (Asia-Pacific Broadcasting Union-ABU) संस्थान के संस्थापक संगठन हैं और ये आम सभा के गैर-मतदाता सदस्य भी हैं।

पूर्ण सदस्यता:

- भारत सहित एशिया प्रशांत क्षेत्र के 26 देशों के प्रसारक (Broadcasters) संगठन के पूर्ण सदस्य हैं।
- भारत को दो साल की अवधि के लिये वर्ष 2018 में एशिया-पैसिफिक इंस्टीटयूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (Asia-Pacific Institute for Broadcasting Development- AIBD) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था।

स्रोत : **AIBD** वेबसाइट